56

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–115/2025 2458 /पटना, दिनांक– 23.2.26

संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497), पताः–नवरत्न हाता, पी0एस0–के0हाट, जिला–पूर्णियाँ, पिन कोर्डः–854301 को कार्य प्रमंडल, वायसी के अधीन **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत टी02 शर्मा टोली मोड़ से सादीशपुर पथ निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– **61/MMGSY (SC)/SBD/2018-19** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 31.12.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.12.2019 था तथा कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि 20.12.2019।

संदर्भित पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संबंधित संवेदक द्वारा पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के सकारण आदेश ज्ञापांक 2731 दिनांक 24.09.2024 द्वारा एकरारनामा संख्याः– **61/MMGSY (SC)/SBD/2018-19** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 783 दिनांक 21.02.2025, पत्रांक 1158 दिनांक 25.03.2025, पत्रांक 8030 दिनांक 23.07.2025 एवं पत्रांक 11201 दिनांक 31.10.2025 द्वारा संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के पत्रांक 410 अनु0 दिनांक 20.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत टी02 शर्मा टोली मोड़ से सादीशपुर पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य संवेदक विमल दास द्वारा नहीं कराये जाने के कारण संदर्भित पथ **RRSMP** योजना के तहत कार्य आवंटन के पश्चात् संवेदक जितेन्द्र कुमार के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

इससे स्पष्ट होता है कि संदर्भित पथ का निर्माण कार्य को लंबित रखने के लिए संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497) पूर्णतया दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497), पताः–नवरत्न हाता, पी0एस0–के0हाट, जिला–पूर्णियाँ, पिन कोर्डः–854301 के निबंधन संख्याः–2150497, PAN No. AEFPD9269R को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

23.2.26

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–115/2025 2458 /पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– संवेदक विमल दास (निबंधन संख्या–2150497), पताः–नवरत्न हाता, पी0एस0–के0हाट, जिला–पूर्णियाँ, पिन कोर्डः–854301 को सूचनार्थ प्रेषित।

23.2.26

अभियंता प्रमुख **P.T.O**

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2458 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2458 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2458 / पटना, दिनांक– 23.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–115 / 2025 2458 / पटना, दिनांक– 23.2.26

ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

अभियंता प्रमुख